# वैट घटाएं तो हवाई अड्डों का जाल बिछा देंगे : सिंधिया

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कानपुर से हैदराबाद, बेंगलुरु और मुंबई की फ्लाइटों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हवाई जहाज के ईंधन पर वैट घटा दे तो उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों के साथ हवाई सेवाओं का जाल बिछा देंगे। इसके लिए गुजारिश कर रहा हूं कि कैबिनेट मंत्री सतीश महाना और प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल नंदी सीएम से बात करें।

सिंधिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश में हवाई चप्पल पहनने वाला आम आदमी भी हवाई सफर करे। इसे साकार कर रहे हैं। इसमें राज्य सरकारें भी सहयोग कर रही हैं। हरियाणा, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की सरकारों ने जहाज के ईंधन पर वैट घटाया है।

## वर्चुअल उद्घाटन

- उत्तर प्रदेश में जल्द चालू होंगे 17 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे
- प्रधानमंत्री का सपना उड़े देश का आम आदमी कर रहे हैं साकार

उन्होंने कहा कि कानपुर की धरती हर परिवर्तन की साक्षी है। एक साथ कई उड़ानों के शुरू होने से चतुर्मुखी विकास होगा। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद सत्यदेव पचौरी, कैबिनेट मंत्री सतीश महाना, नंदगोपाल नंदी, विधायक सुरेंद्र मैथानी और पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया मौजूद रहे।

**तय समय पर चालू होगा नया टर्मिनल :** सिंधिया ने कहा कि चकेरी में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का नया टर्मिनल तय समयसीमा में शुरू होगा।